सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२

सत्र २०२४ – २०२५

कक्षा २

विषय- हिंदी

पाठ 9

सपना बन गया शिक्षक

कठिन शब्द -

1. सफ़ाई
2. शौकीन
3. मित्र
4. परिवार
5. टोकरियाँ
6. कूड़ेदान
7. बैग
8. कॉपी
9. वस्तुएँ
10. बुदबुदाना

शब्द अर्थ -

1. मित्र - दोस्त
2. शौकीन - शौक रखने वाला
3. बैग - बस्ता
4. बुदबुदाना - धीरे - धीरे मन - ही - मन में बोलना

वाक्य बनाओ -

1. शौकीन - वह संगीत का शौकीन है।
2. मित्र - मेधावी मेरी प्रिय मित्र है।
3. सपना - कल रात मैंने एक भयानक सपना देखा।
4. पसंद - मुझे तैरना बहुत पसंद है।

किसने किससे कहा -

1) " तुम मेरे पास आकर उड़कर दूर क्यों चली जाती हो ?"

उ ० 1) नरेन ने जलेबी से कहा ।

2) " देखो न, मेरी जगह कहाँ है और मैं कहाँ पड़ी हूँ। मैं भी चली। "

उ ० 2) कॉपी ने नरेन से कहा।

प्रश्न उत्तर

प्रश्न 1 नरेन कैसा बच्चा था ?

उत्तर 1 नरेन बहुत प्यारा बच्चा था। वह बड़ों का आदर करता ,छोटों को प्यार करता और मित्रों की पढ़ाई में मदद करता था।

प्रश्न 2 नरेन अपने परिवार के साथ कहाँ गया था ?

उत्तर 2 नरेन अपने परिवार के साथ अपने चाचा की शादी में दिल्ली गया था।